# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**PRE-BORAD-II_EXAMINATION 2024-25**
**Hindi (085)**

Class : X  Duration : 3 Hrs
Date : .12.2024  Max. Marks : **80**
Admission No.:  Roll No.:

---

**General Instructions:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| | **खंड क - अपठित बोध** | |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>शिवाजी का नाम प्रत्येक भारतीय जानता है। इनको महान बनाने का श्रेय समर्थ गुरु रामदास को है। समर्थ गुरु रामदास का जन्म सन् 1608 ई. में एक छोटे से ग्राम में हुआ था। इनकी माता का नाम राणुबाई था और इनके पिता का नाम सूर्याजी पंत था। इनका बचपन का नाम नारायण था। प्रारम्भ से ही ये विवाह नहीं करना चाहते थे। विवाह मंडप से ही ये भाग गए थे।<br>घर छोड़कर नासिक में एक गुफा में रहकर तप करने लगे। एक पटवारी की स्त्री को आशीर्वाद देकर उसके पति को जिंदा कर देने की घटना से उनका यश चारों ओर फैल गया।<br>बाद में शिवाजी ने इन्हें अपना गुरु बनाया। शिवाजी समस्त कार्य उनकी आज्ञा से करते थे। शिवाजी ने एक बार भीख माँगने पर सारा राज्य इनको दे दिया। बाद में गुरु के कहने पर मंत्री के रूप में राज्य का कार्य करने लगे। इनमें अनेक आश्चर्य में डालने वाली शक्तियाँ थीं। इन्होंने शिवाजी की वीरता की परीक्षा शेरनी का दूध मँगाकर की थी। शिवाजी के साथ गुरु रामदास का नाम हमेशा लिया जाता है।<br>**1.** समर्थ गुरु रामदास का जन्म कबहुआ था? (1)<br>**(क)** सन् 1708 ई.<br>**(ख)** सन् 1808 ई.<br>**(ग)** सन् 1908 ई.<br>**(घ)** सन् 2008 ई.<br>**2.** शिवाजी को महान बनाने का श्रेय किस गुरु का था? (1)<br>**(क)** गुरु रैदास<br>**(ख)** गुरु श्यामदास<br>**(ग)** गुरु तुलसीदास<br>**(घ)** गुरु रामदास<br>**3.** गुरु रामदास के बचपन का क्या नाम था?(1) | **[7]** |

| | | |
|---|---|---|
| | **(क)** रामदास<br>**(ख)** नारायण<br>**(ग)** हरिओम<br>**(घ)** शिवाजी<br>**4.** किस घटना से गुरु रामदास का यश चारों ओर फैल गया? (2)<br>**5.** गुरु रामदास ने शिवाजी की परीक्षा कैसे ली? (2) | |
| 2 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>संस्कृतियों के निर्माण में एक सीमा तक देश और जाति का योगदान रहता है। संस्कृति के मूल उपादान तो प्रायः सभी सुसंस्कृत और सभ्य देशों में एक सीमा तक समान रहते हैं, किंतु बाह्य उपादानों में अंतर अवश्य आता है। राष्ट्रीय या जातीय संस्कृति का सबसे बड़ा योगदान यही है कि वह हमें अपने राष्ट्र की परंपरा से संपृक्त बनाती है, अपनी रीति - नीति की संपदा से विच्छिन्न नहीं होने देती। आज के युग में राष्ट्रीय एवं जातीय संस्कृतियों के मिलन के अवसर अति सुलभ हो गए हैं, संस्कृतियों का पारस्परिक संघर्ष भी शुरू हो गया है। कुछ ऐसे विदेशी प्रभाव हमारे देश पर पड़ रहे हैं, जिनके आतंक ने हमें स्वयं अपनी संस्कृति के प्रति संशयालु बना दिया है। हमारी आस्था डिगने लगी है। यह हमारी वैचारिक दुर्बलता का फल है।<br>अपनी संस्कृति को छोड़, विदेशी संस्कृति के विवेकहीन अनुकरण से हमारे राष्ट्रीय गौरव को जो ठेस पहुँच रही है, वह किसी राष्ट्रप्रेमी जागरूक व्यक्ति से छिपी नहीं है। भारतीय संस्कृति में त्याग और ग्रहण की अद्भुत क्षमता रही है। अत: आज के वैज्ञानिक युग में हम किसी भी विदेशी संस्कृति के जीवंत तत्वों को ग्रहण करने में पीछे नहीं रहना चाहेंगे, किंतु अपनी सांस्कृतिक निधि की उपेक्षा करके नहीं। यह परावलंबन राष्ट्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। यह स्मरण रखना चाहिए कि सूर्य की आलोकप्रदायिनी किरणों से पौधे को चाहे जितनी जीवनशक्ति मिले, किंतु अपनी जमीन और अपनी जड़ों के बिना कोई पौधा जीवित नहीं रह सकता। अविवेकी अनुकरण अज्ञान का ही पर्याय है।<br>**1.** राष्ट्रीय संस्कृति की हमारे प्रति सबसे बड़ी देन क्या है? **(1)**<br>**(क)** वह हमें अच्छा नागरिक बनाती है।<br>**(ख)**वह हमें देशभक्ति सिखातीहै।<br>**(ग)**वह हमें अपने राष्ट्र की परंपरा और रीति-नीति से जोड़े रखती है।<br>**(घ)** वह हमें दुश्मनों से लड़ना सिखाती है।<br>**2.** हम अपनी सांस्कृतिक संपदा की उपेक्षा क्यों नहीं कर सकते? **(1)**<br>**(क)** ऐसा करने से पारस्परिक संघर्षशुरू हो जाएगा।<br>**(ख)**ऐसा करने से हम जड़ विहीन पौधे के समान हो जाएँगे।<br>**(ग)**ऐसा करने से हम देशद्रोही कहेजाएँगे।<br>**(घ)** ऐसा करने से लोग हमें पसंद नहीं करेंगे।<br>**3.** अज्ञान का पर्याय क्या है? **(1)**<br>**(क)**अविवेकी संस्कृति<br>**(ख)**अविवेकी संस्कार<br>**(ग)**अविवेकी ज्ञान<br>**(घ)**अविवेकी अनुकरण<br>**4.** आधुनिक युग में संस्कृतियों पर परस्पर संघर्ष प्रारंभ होने का प्रमुख कारण बताइए। **(2)**<br>**5.** हम अपनी संस्कृति के प्रति शंकालु क्यों हो गए हैं? **(2)** | **[7]** |
| | **खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण** | |
| 3 | निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | **[4]** |

| | | |
|---|---|---|
| | **1.** बाहर से आए हुए यात्रियों में कुछ शाकाहारी हैं। इस वाक्य में **सर्वनाम पदबंध** क्या है।<br>**2.** **<u>उस छत के कोने में बैठा हुआ</u>** व्यक्ति पागल है।रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।<br>**3.** भारत की राजधानी दिल्ली में एक करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। उक्त वाक्य में **संज्ञा पदबंध** छाँटिये।<br>**4.** बातें करने वाले बच्चों में से कुछपकड़े गए। वाक्य में **सर्वनाम पदबंध** को पहचानिए।<br>**5.** **<u>बालक रोता हुआ शनै - शनै</u>** माँ के पास पहुँचा।रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए। | |
| 4 | नीचे लिखें वाक्यों में से **किन्हीं चार** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए -<br>**1.** जो वालेंटियर वहाँ गए थे वे अपने स्थान से लाठियाँ पड़ने पर भी हटते नहीं थे। (संयुक्त वाक्य में)<br>**2.** सुभाष बाबू को पकड़ा और गाड़ी में लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया। (मिश्र वाक्य में)<br>**3.** पुलिस ने स्त्रियों को पकड़ा और लालबाज़ार भेज दिया। (सरल वाक्य में)<br>**4.** कहा जाना चाहिए कि यह सभा एक ओपन चैलेंज थी। (संयुक्त वाक्य में)<br>**5.** पकड़े गए आदमियों की संख्या का पता नहीं चला। (मिश्र वाक्य में) | **[4]** |
| 5 | निर्देशानुसार **किन्हीं चार** प्रश्नों का उत्तर दीजिए और उपयुक्त समास का नाम भी लिखिए।<br>**1.** यथामति(विग्रह कीजिए)<br>**2.** आपबीती((विग्रह कीजिए)<br>**3.** आश्चर्य से चकित। (समस्त पद लिखिए)<br>**4.** षट् आनन हैं जिनके अर्थात् कार्तिकेय। (समस्त पद लिखिए)<br>**5.** डाल ही डाल में। (समस्त पद लिखिए) | **[4]** |
| 6 | निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका आशय स्पष्ट हो जाए:<br>**1.** छक्के छुड़ाना<br>**2.** आस्तीन का साँप<br>**3.** टेढ़ी खीर<br>**4.** आँख खुल जाना<br>**5.** लाल - पीला होना | **[4]** |
| | **खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)** | |
| 7 | **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** एक दिन जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली - डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली और मुझ पर टूट पड़े - देखता हूँ, इस साल पास हो गए और दरजे में अव्वल आ गए, तो तुम्हें दिमाग हो गया है, मगर भाईजान, घमंड तो बड़े - बड़े का नहीं रहा, तुम्हारी क्या हस्ती है? इतिहास में रावण का हाल तो पढ़ा ही होगा। उसके चरित्र से तुमने कौन - सा उपदेश लिया?<br>या यों ही पढ़ गए? महज़ इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमण्डल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेज़ों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेज़ों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिल्कुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े - बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मार उसका अंत क्या हुआ? घमण्ड ने उसका नाम - निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं। अभिमान किया और दीन - दुनिया दोनों से गया।<br>**1.** **तलवार खींचने** का आशय क्या है? | **[5]** |

| | | |
|---|---|---|
| | **क)** आक्रमण करना<br>**ख)** आहत करना<br>**ग)** सभी<br>**घ)** पीड़ा पहुँचाना<br>**2.** बड़े भाई ने किस युक्ति से लेखक पर चोट की?<br>**क)** सभी<br>**ख)** घमण्ड के कारण<br>**ग)** छोटे भाई की निडरता पर<br>**घ)** बेशर्मी के कारण<br>**3.** बड़े भाई ने छोटे भाई को रावण का उदाहरण क्यों दिया?<br>**क)** बात न मानने<br>**ख)** पढ़ाई के कारण<br>**ग)** घमण्डी होने के कारण<br>**घ)** बेशर्मी के कारण<br>**4.** बड़े भाई के अनुसार, रावण और अंग्रेज़ों में क्या अन्तर था?<br>**क)** विश्वभर के राजा उसके अधीन थे और उसे कर देते थे, परन्तु अंग्रेजों की सत्ता पूरा संसार नहीं मानता<br>**ख)** सभी<br>**ग)** रावण अंग्रेजों से अधिक बड़ा राजा था<br>**घ)** रावण अपने राज्य का चक्रवर्ती राजा था<br>**5.** बड़े भाई ने इम्तिहान पास करने की तुलना में किस गुण को महत्त्व दिया?<br>**क)** घमंड न करना<br>**ख)** सफलता प्राप्त करना<br>**ग)** बुद्धि का विकास होना<br>**घ)** सभी | |
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में दीजिए:**<br>**1.** **डायरी का पन्ना** पाठ के आधार पर स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान को स्पष्ट कीजिए।<br>**2.** चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया? पतझर में टूटी पत्तियाँ (झेन की देन) पाठ के आधार पर बताइए।<br>**3.** सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?<br>**4.** **तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र** पाठ के संदर्भ में लिखिए कि संगीतकार जयकिशन और शैलेंद्र में किस बात को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी? उन दोनों के तर्कों को प्रस्तुत कीजिए। | **[6]** |
| | **खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)** | |
| 9 | **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** 'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है,<br>पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।<br>फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,<br>परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।<br>अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे, | **[5]** |

| | | |
|---|---|---|
| | वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।<br>**1.** **मनुष्य मात्र बंधु -** है से क्या तात्पर्य है?<br>**क)** मनुष्य मात्र के अलग - अलग कर्म होना<br>**ख)** मनुष्य मात्र को अलग - अलग समझना<br>**ग)** मनुष्य मात्र के द्वारा सहयोग करना<br>**घ)** मनुष्य मात्र को परस्पर भाई - बंधु समझना<br>**2.** अनर्थ क्या है?<br>**क)** भाई - भाई में घृणा का भाव न होना<br>**ख)** भाई का भाई से अलगाव<br>**ग)** भाई का भाई से लगाव<br>**घ)** भाई - भाई में सहानुभूति का भाव<br>**3.** प्रत्येक मनुष्य अपना बंधु कैसे है?<br>**क)** एक देश में जन्म लेने से<br>**ख)** एक गाँव में जन्म लेने से<br>**ग)** एक परमात्मा की संतान होने से<br>**घ)** एक परिवार में जन्म लेने से<br>**4.** मनुष्य - मात्र में भेद क्यों उत्पन्न होता है?<br>**क)** भिन्न खान - पान के कारण<br>**ख)** कर्मों की भिन्नता के कारण<br>**ग)** भिन्न देशों में जन्म के कारण<br>**घ)** भिन्न जलवायु के कारण<br>**5.** कवि ने सभी मनुष्यों को क्या माना है ?<br>**क)** मित्र - शत्रु<br>**ख)** दोस्त - शत्रु<br>**ग)** भाई - बंधु<br>**घ)** भाई - शत्रु | |
| 10 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में दीजिए:**<br>**1.** कृष्ण की चाकरी करने से मीरा को कौन - कौन - से तीन लाभ मिलेंगे?<br>**2.** **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता के आधार पर बताइए कि **सहत्र दृग - सुमन** का क्या अर्थ है। कवि ने इसका प्रयोग किसके लिए किया है और क्यों?<br>**3.** भाव स्पष्ट कीजिए -<br>साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई<br>फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया।<br>**4.** कवि किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है? **आत्मत्राण** कविता के आधार पर बताइए। | **[6]** |
| | **खंड ग - संचयन (पूरक पाठ्यपुस्तक)** | |
| 11 | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 - 60 शब्दों में दीजिए:**<br>**1.** अकेले होने के कारण हरिहर काका को किन - किन कठिनाइयों से गुजरना पड़ा? इन कठिनाइयों के सामने समर्पण करने के बजाए हरिहर काका को साहस से किस प्रकार इसका सामना करना चाहिए था?<br>**2.** **सपनों के - से दिन** पाठ के आधार पर तब के स्कूली बच्चों के पहनावे तथा खेल - कूद की तुलना आज के स्कूली बच्चों से कीजिए। दोनों में से आप किसे अच्छा समझते हैं और क्यों? | **[6]** |

| | | |
|---|---|---|
| | **3.** आपका घनिष्ठ मित्र दूसरे मज़हब का है, आपके घर पर उसका आदर - सत्कार किस प्रकार होता है? **टोपी शुक्ला** पाठ के संदर्भ में विस्तार से उत्तर दीजिए। | |
| | **खंड घ - रचनात्मक लेखन** | |
| 12 | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:**<br>**1. देशाटन** विषय पर दिए गए संकेत - बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।<br>– क्या और क्यों<br>– शैक्षिक महत्त्व<br>– साधन और सुविधा<br>**2. प्रकृति रक्षा : मानव सुरक्षा** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।<br>– मनुष्य प्रकृति का अंग<br>– प्रकृति का बिगड़ता संतुलन<br>– बढ़ता प्रदूषण<br>– दूर करने के उपाय<br>**3. श्रम का महत्त्व** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।<br>– जीवन कर्म प्रधान<br>– श्रम से ही लक्ष्य की प्राप्ति<br>– उन्नति का कारण - श्रम | **[5]** |
| 13 | नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन की जाँच मशीन पर एक यात्री के भूलवश छूटे एक लाख बीस हजार रुपए को मेट्रो पुलिस ने उसे लौटा दिया। इस समाचार को पढ़कर तो विचार आपके मन में आते हैंउन्हें किसी समाचार - पत्र के संपादक को पत्र के रूप में लिखिए।<br>**अथवा**<br>प्रधानाचार्य, क.ख.ग. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ओर से जिला के मुख्य चिकित्साधिकारी को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण का निवेदन किया गया हो। | **[5]** |
| 14 | आप दसवीं कक्षा के अर्पित/अर्पिता हैं। भोजनावकाश के दौरान खेल के मैदान में आपका ब्लेज़र (कोट) कहीं छूट गया। उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद - विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से 25 - 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। | **[4]** |
| 15 | स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी विद्यार्थियों के लिए विशेष बैग बाज़ार में लाना चाहती है, उसके लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>कोई कंपनी जैविक फल - सब्जी बाज़ार में लाना चाहती है, उसके प्रचार - प्रसार के लिए एक विज्ञापन लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए। | **[3]** |
| 16 | छात्रों के लिए अधिक खेल - सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाचार्य महोदय को xyzschool@gmail.com पर एक ईमेल लिखिए।<br>**अथवा**<br>**घमण्डी खरगोश** विषय पर एक लघु कथा लिखिए। | **[5]** |